दिनांक 26 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सड़क पर कचरा फेंकने वालों को स्वयं उठाना होगा कचरा अन्यथा भरना पड़ेगा जुर्माना , स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सफाई व्यवस्था को लेकर प्रातः किया औचक निरीक्षण

भिलाई नगर/ स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के मापदंडों के तहत भिलाई निगम द्वारा सभी पहलुओं पर काम किया जा रहा है! आज निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी प्रातः 6:00 बजे औचक निरीक्षण करने फील्ड में निकले! प्रातः से लगने वाले आकाशगंगा सब्जी मंडी पहुंचे , वहां उन्होंने एक स्वच्छता कर्मचारी के समय पर न आने पर नाराजगी जाहिर की, और समय पर आने की हिदायत दी! उन्होंने सुपरवाइजर एवं सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रथम पाली में प्रातः 6:00 बजे निर्धारित समय में कार्य पर उपस्थित होवे! आगे उन्होंने सड़कों की स्वीपिंग कार्य देखी! आकाशगंगा स्थित शौचालय का निरीक्षण किया, शौचालय के केयरटेकर को प्रत्येक समय शौचालय को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने पंजी का अवलोकन किया! मुख्य बाजार के प्रत्येक गली का घूम कर जायजा लिया , कुछ स्थानों पर कचरा दिखने पर सफाई कराने कहा! रात्रिकालीन सफाई रोजाना बाजार क्षेत्रों में जारी रखने के निर्देश दिए! प्रमुख बाजार में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान कई लोगों द्वारा मास्क रखे होने के बावजूद नहीं लगाने पर उन्हें समझाइश देकर मास्क हमेशा पहने रहने हिदायत दी गई , मास्क पहनकर ही व्यवसाय एवं खरीदी करने कहा गया! आकाशगंगा सब्जी मंडी के नालियों की सफाई पूर्ण रूप से कराने के निर्देश दिए! एक व्यक्ति द्वारा सड़क पर कचरा फैलाया जा रहा था

जनसंपर्क अधिकारी